जौं खल भएसि राम कर द्रोही । ब्रह्म रूद्र सक राखि न तोही ॥
बिष्णु कोटि सम पालन कर्ता । रूद्र कोटि सत सम संहर्ता ॥
|| Ram Katha 935 - मानस रूद्रसंहिता || Rudra Prayaag,UK || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 295 | इंदौर, मंगलवार 07 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

तीसरे चरण में एमपी की 9 लोकसभा सीटों पर हो रही वोटिंग ...

# मतदान को लेकर उत्साह

## 9 बजे तक 14.22 प्रतिशत मतदान, सर्वाधिक राजगढ़ में हुई 16.57 फीसदी वोटिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत नौ लोकसभा क्षेत्रों में हो रही मतदान में खासा उत्साह नजर आ रहा है। मतदाता सुबह से ही मतदान केंद्र पहुंचना शुरू हो गए और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान कहीं मतदाताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया, तो कहीं लकी ड्रॉ भी निकाला जा रहा है। बता दे कि इस चरण में 1.77 करोड़ से अधिक मतदाता 127 उम्मीदवारों में से अपनी पसंद के प्रत्याशी के लिए मतदान करेंगे।**

### मध्य प्रदेश में 9 बजे तक के मतदान के आंकड़े

बैतूल- 15.97 प्रतिशत
भिंड - 12.23प्रतिशत
भोपाल- 13.61प्रतिशत
गुना- 16.43प्रतिशत
ग्?वालियर- 11.05प्रतिशत
मुरैना- 12.43प्रतिशत
राजगढ़- 16.57प्रतिशत
सागर- 14.58प्रतिशत
विदिशा- 15.85प्रतिशत

### निकाह से पहले दूल्हे ने किया मतदान

हरदा जिले के ग्राम मगरधा स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 175 में मतदाता शहादत खान पिता अब्दुल खान ने अपने निकाह से ठीक पहले मतदान किया। उन्होंने अन्य मतदाताओं से भी आज लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान करने की अपील की है।

### कंट्रोल रूम से हो रही मॉनिटरिंग

भिंड लोकसभा क्षेत्र के दतिया में बनाए गए कंट्रोल रूम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार माकिन और एसपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदान केंद्रों की सतत निगरानी की जा रही है।

### भाजपा, कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी नजरबंद

जिला प्रशासन ने मुरैना लोकसभा क्षेत्र के तीनों प्रत्याशियों को किया नजरबंद। कांग्रेस के सत्यपाल



सिंह नीटू सिकरवार, बसपा के रमेश चंद्र गर्ग और भाजपा के शिवमंगल सिंह तोमर को पुलिस लाइन में बैठाया गया है। यहां एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान खुद मौजूद हैं। चुनाव के दौरान किसी तरह का उपद्रव और समर्थकों द्वारा हंगामा न हो इसलिए प्रत्याशियों को नजरबंद किया गया है। एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान का कहना कि प्रत्याशियों ने ही यह सुझाव दिया था, इसलिए उन्हें बैठाया गया है। नजरबंद होने के कारण कांग्रेस और बसपा के प्रत्याशी अब तक मतदान नहीं कर पाए हैं।

### पूर्व सीएम शिवराज ने की मतदान की अपील

पूर्व सीएम और विदिशा से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मैंने अपना वोट डाला है। वोट लोकतंत्र की आत्मा है, लोकतंत्र के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। सभी को मतदान करना चाहिए। आज मैंने भी मताधिकार का प्रयोग किया है।

### 45 मिनट बाधित रहा मतदान

ग्वालियर के पोलिंग नंबर 278 पर ईवीएम मशीन खराब होने के कारण 45 मिनट से अधिक समय तक मतदान रुका रहा। जिसके बाद पीठासीन अधिकारी द्वारा ईवीएम बदलवाए जाने के बाद दोबारा वोटिंग शुरू की गई।

### शिवराज ने की नर्मदा पूजा

मतदान से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा पूजा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज अपने गृह ग्राम जैत स्थित खेड़ापति माता मंदिर एवं नर्मदा मैया का दर्शन-पूजन कर सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि व कल्याण की कामना की। आज लोकसभा का मतदान है, इसलिए दर्शन-पूजन कर अब मताधिकार का उपयोग करने जा रहा हूं। आप सभी अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बने।

### मतदान केंद्र पर रखे लकी ड्रॉ के इनाम

भोपाल में मतदान केंद्रों पर लकी ड्रॉ निकाला जा रहा है। शहर के चार इमली के मतदान केंद्र पर लकी ड्रॉ के इनाम भी रखे गए हैं।

गर्मी के चलते सुबह से मतदान केंद्र पहुंचे मतदाता भोपाल जिले की ग्रामीण बहुल विधानसभा क्षेत्र बैरसिया में लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाताओं की सुबह से केंद्रों पर लंबी-लंबी लाइन लग गई है । दरअसल भीषण गर्मी के कारण मतदाता सुबह-सुबह केंद्रों पर पहुंच गए हैं।

### सिंधिया ने किया पोलिंग बूथ का भ्रमण

गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बूथ क्रमांक 120 व 121 का दौरा किया। मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश के सभी नागरिक इस महापर्व पर अपने मत का उपयोग अवश्य करें।

### इवीएम खराब, प्रभावित हुआ मतदान

साइंस कॉलेज की पोलिंग बूथ 254 - 55 पर 20 मिनट देरी से मतदान शुरू हुआ। मतदान के देरी से शुरू होने का कारण इवीएम का खराब होना था। ग्वालियर के दक्षिण के मतदान केंद्र क्रमांक 164 (हेमसिंह की परेड स्थित अम्बेडकर विद्यालय का कमरा नम्बर 3) में ईवीएम खराब होने से 40 मिनट तक मतदान प्रभावित रहा। जिसके चलते कई मतदाता बिना मतदान किए ही लौट गए।

### तिलक लगाकर स्वागत

राजगढ़ में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वहीं विदिशा में 80 वर्षीय नेत्रहीन कमलाबाई पंथी ने अपनी नातिन आरती पंथी के साथ पशु चिकित्सालय स्थित केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। उनका कहना था कि वह नेत्रहीन जरूर है लेकिन हमेशा मतदान करती आ रही है।

## मां-बेटे के मोह में पार्टी का सत्यानाश कर रही- सीएम

### उसको दो ही बच्चे दिख रहे एक बेटी और एक बेटा, पूरी पार्टी जाए भाड़ में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को उज्जैन लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। वे आलोट, फिर तराना और आखिर में उज्जैन शहर के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। मनोरमा गार्डन में महिला मोर्चे के कार्यक्रम में सीएम के अगवानी शंख को बजाकर की गई। इस दौरान सीएम ने सभी महिला कार्यकर्ता का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। सीएम मोहन यादव ने सोनिया गाँधी राहुल गाँधी और प्रियंका पर तंज कसा और कहा कि ये चुनाव दो मां के बीच में है। एक मां अपने बच्चे के मोह में पार्टी का सत्यानाश कर रही है, वो पार्टी है कांग्रेस। उसको दो ही बच्चे दिख रहे एक बेटी और एक बेटा। पूरी पार्टी जाए भाड़ में। कोई लेना देना नहीं है। उनके बच्चे को प्रधानमंत्री बनाना है। पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि एक तरफ भारत माता का बेटा जिसने अपनी भारत माता का सम्मान बढ़ाया, जिस दिन उनकी माँ ने शरीर छोड़ा, माँ की अंत्येष्टि हुई और भारत माँ की सेवा करने आ गये। करीब दो घंटे देरी से पहुंचे सीएम मोहन यादव के निशाने पर रहे सोनिया गांधी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी।

## दोस्तों को सुपारी देकर कराई पत्नी की हत्या

### अफेयर में बन रही थी अड़चन; कहानी गढ़ी- लुटेरों ने मार डाला, मेरा सिर फोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में लूट के लिए की गई महिला की हत्या की कहानी मनगढ़ंत निकली। हत्या का आरोपी पति ही निकला। उसने अपने तीन दोस्तों को 60 हजार रुपए की सुपारी देकर पत्नी की हत्या कराई। 20 हजार रुपए की रकम वह एडवांस दे भी चुका था। पुलिस ने रेशमा चौधरी (28) की हत्या के आरोप में पति शुभम चौधरी, पति के दोस्त दोस्त प्रहलाद ठाकुर, अनुराग कुशवाहा और शिबू चौधरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के अफेयर के बारे में पत्नी को पता लग गया था। वह तीन महीने से पत्नी को मारने का प्लान बना रहा था।

एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने रविवार को खुलासा करते हुए बताया कि शुभम के किसी और महिला से अवैध संबंध की जानकारी लगने पर पति-पत्नी में झगड़ा होने लगा था। शुभम के सिर पर जो चोट लगी थी, वो प्लान का हिस्सा थी। उसके दोस्त ने ही उसका सिर फोड़ा था। घटना से पहले आरोपी अपने डेढ़ साल के बच्चे को उठाकर बोलेरो से बाहर निकल आया था। उसके साथियों ने रेशमा की गला दबाकर हत्या की थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अपने बयान बदल रहा था। उसकी इसी बात पर शक हुआ। उसने बताया था कि वह दमोह नाका होते हुए पत्नी को मायके मदर टेरेसा नगर छोड़ने जा रहा था। कृषि उपज मंडी के पास जाम मिलने पर बोलेरो भोलानगर की ओर मोड़ दी। पुलिस ने जब उसकी मोबाइल लोकेशन ट्रेस की तो वह इस रूट पर नहीं मिला।

## दीवार से टकराई कार, दो छात्रों की मौत

### मृतकों में एक पूर्व डिप्टी कमिश्नर का बेटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में झांसी हाईवे पर तेज रफ्तार एसयूवी कार बेकाबू होकर बैक्वेंट की दीवार से टकरा गई। इसमें कार में सवार दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो की हालत गंभीर है। ये सभी दोस्त की बर्थडे पार्टी सेलिब्रेशन के लिए रिसॉर्ट गए थे। वहां से लौटते समय हादसा हो गया।

घटना रविवार-सोमवार दरमियानी रात 3 बजे की है। मृतकों में एक वारिद श्रीवास्तव नगर निगम के पूर्व डिप्टी कमिश्नर शिशिर श्रीवास्तव का बेटा है। वे अभी पीएचई में असिस्टेंट इंजीनियर हैं। मृतक में दूसरा छात्र ऋषभ जाट है, जिसके पिता एमआर हैं। दोनों ही मृतक अपने घर के इकलौते चिराग थे। पुलिस ने घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया है।

निगम घोटाले पर नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय बोले ...

# घोटाले में शामिल किसी को नहीं बख्शा जाएगा

## फरार इंजीनियर अभय राठौर के तीन बैंक खाते पुलिस ने किए सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम में हुए करोड़ों के फर्जी बिल घाेटाले के मामले में तीन और एफआईआर होने की तैयारी की जा रही है। पुलिस को अभी कुछ और साक्ष्य जुटाने है। जिन तीन लोगों पर शक की सुई घूम रही है उनमें ऑडिटर-ऑपरेटर और आवक-जावक वाला शामिल है। जांच पड़ताल से पता चला है की इन तीनों की घोटाल में सलिप्तता पाई जाने का अंदेशा है। इसी प्रकार पुलिस ने फरार इंजीनियर अभय राठौर के तीन बैकों खातों को सील कर दिया है। पुलिस अभय राठौर के साथ मेसर्स ईश्वर इंटरप्राईजेस के प्रोप्रा, मौसम व्यास और किस्टल इंटरप्राईजेस के प्रोप्रा, इमरान खान को भी तलाश कर रही है। अब समग्रता की जांच के लिए राज्य सरकार के द्वारा घोषित की गई भोपाल की उच्च स्तरीय कमेटी से ही उम्मीद बाकी बची है। इस कमेटी के द्वारा अभी तो जांच का काम शुरू नहीं किया गया है लेकिन यह उम्मीद की जाती है कि अगले 7 दिनों के अंदर कमेटी की ओर से काम शुरू कर दिया जाएगा।**

जानकारी के मुताबिक इन दिनों इंदौर नगर निगम पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां हुए 107 करोड़ के फर्जी बिल घोटाले से अफसरों और जनप्रतिनिधियों में हडक़म्प मचा हुआ है। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी इस पूरे घोटाले पर नजर लगाए बैठे है। उन्होंने साफ कह रखा है की इस घोटाले में किसी को बख्शा नहीं जाएंगा चाहे वह कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हो। बहुत से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए चिंता का विषय बन गया है। एक तरफ जहां अधिकारियों को उनके संकल्प तथा सामने आ जाने का खतरा है तो वही नेताओं के सामने भी यह चिंता बढ़ गई है कि कहीं फर्जी तरीके से काम करने वाली फर्म से उनके रिश्ते उजागर नहीं हो जाए।



जानकार सूत्रों ने बताया की पुलिस की जांच में हर रोज नए नए पहलू सामने आ रहे है। पुलिस को जानकारी मिली है की निगम के ऑडिटर-ऑपरेटर और आवक-जावक वाले की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। जांच रिपोर्ट में समिति ने 188 फाइलों की जांच की और इसमें 150 से ज्यादा फाइलों में फजीर्वाड़ा मिला। फर्जी दस्तावेजों के जरिए 100 करोड़ के बिल पेश किए गए थे। हालांकि इस मामले कुछ और साक्ष्य जुटाए जाने है। साक्ष्य सामने आते ही उक्त तीनों के खिलाफ कार्यवाही की जाएंगी।

बताया गया है की नगर निगम में 4 फर्जी बिलों के माध्यम से करोड़ों का फर्जीवाड़ा किया गया। इंदौर के कोष से किस्टल इंटरप्राईजेस, प्रोप्रा, इमरान खान, 53, जूनी कसेरा बाखल, द्वारा 2.43 करोड फर्जीवाड़ा कर षड्यंत्रपूवर्क राशि निकाली गई। इसी प्रकार मेसर्स ईश्वर इंटरप्राईजेस, प्रोप्रा, मौसम व्यास,15-ए, पलसीकर कॉलोनी, इंदौर द्वारा 2.49 करोड का फर्जी तरीके से भुगतान प्राप्त कर लिया। इनके द्वारा भी फर्जी फाइलें बनाई गई और चंद रुपए देकर करोड़ों का चूना निगम को लगा दिया। ये दोनों ही अभी फरार है। पुलिस ने इन पर कल ही गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया है।

# मतदान स्थलों, प्रशिक्षण केंद्र, अस्पताल, पेयजल आपूर्ति की बिजली पर विशेष ध्यान दें

## मप्रपक्षेविविकं इंदौर प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने ली शहर के अधिकारियों की मिटिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने सोमवार को शहर वृत्त के अधिकारियों की मिटिंग ली। इसमें उन्होंने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार बूथ, लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा तय प्रशिक्षण केंद्र, निर्वाचन सामग्री वितरण स्थल पर बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए। श्री तोमर ने इसके साथ ही भीषण गर्मी के दौर में पेयजल वितरण सेवा से जुड़े बिजली कनेक्शनों, अस्पतालों के कनेक्शनों की बिजली वितरण व्यवस्था पर गंभीरता रखने के निर्देश दिए। श्री तोमर ने मानसून पूर्व की तैयारी समय पर करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक तकनीकी श्री सचिन तालेवार, इंदौर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री एसआर बमनके, शहर वृत्त के अधीक्षण अभियंता श्री मनोज शर्मा ने भी विचार रखे। कार्यपालन अभियंतागण सर्वश्री श्रीकांत बारस्कर, आरएल धाकड़, विनय प्रताप सिंह, डीके तिवारी, योगेश आठनेरे, सीए ठकार के साथ ही उच्चदाब प्रभारी सहायक अभियंतागण आदि मिटिंग के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## यादव समाज ने लिया मतदान की शपथ

**इंदौर**। यादव समाज कोर कमेटी (प्रमुख कार्यसमिति) के अध्यक्ष गुलशन यादव के आह्वान पर पर लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वजातिय बंधुओं ने मतदान के लिए शपथ ली। यादव समाज कोर कमेरी के संगठन मंत्री चैनसिंह यादव ने सर्वप्रथम बैठक में सामाजिक सवार्गीण विकास की रूपरेखा रखी और विचार-विमर्श किया। तत्पश्चात कमेटी प्रमुख कार्यसमिति अध्यक्ष गुलशन यादव, संगठनमंत्री चैनसिंह यादव, राजेश यादव, मुकेश यादव, शिवमूरत यादव, दिनेश यादव, जगदेव यादव, संतोष यादव, डॉ. राजेश यादव ने मतदाता जागरुकता के लिए संकल्प लिया कि अपने मतदान के साथ आसपास पड़ोसी, मित्र, रिश्तेदार और युवा, बुजुर्ग एवं मातृशक्ति को मताधिकार के लिए प्रेरित करेंगे।

# दिगंबर जैन समाज के 5 दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन

## डीजेपीएल में महिला टीम में माँ पद्मावती मंडल तो पुरुषों में श्री माणक चौक मंदिर की टीम विजेता रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महावीर जयंती के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी सकल दिगंबर जैन समाज युवा वेलफेयर सोसायटी इंदौर और दिगंबर जैन सोशल ग्रुप एकता द्वारा समाज का 5 दिवसीय वार्षिक उत्सव एयरपोर्ट रोड स्थित हंसदास मठ में आयोजित किया गया।**

यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष सोनम जैन, संस्थापक राहुल सेठी, आयोजक पंडित योगेन्द्र महंत और महासचिव प्रभा जैन ने बताया की 2 और 3 मई को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक युवतियों-महिलाओं का निःशुल्क ग्रीष्मकालीन समर कैंप आयोजित हुआ। इस पाच दिवसीय आयोजन में हर दिन इसी स्थान पर समर और फूड कॉर्नीवॉल मेला भी लगा। वही पाँच दिवसीय शाम से लेकर रात तक युवाओं और महिलाओं का दिगम्बर जैन प्रीमियम लीग (डीजेपीएल) क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। इसमें महिला वर्ग में विजेता टीम श्री माँ पद्मावती महिला मंडल, साधना नगर और युवकों में विजेता श्री माणक चौक लाल मंदिर की टीम रही। दोनों ही टीम को ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समारोह के मुख्य अतिथि और आईडीसीए अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय विशेष अतिथि थे। साथ ही प्रमुख रूप से नीतेश जैन, सोशल ग्रुप एकता के अध्यक्ष आशीष जैन, महासचिव विकास पण्ड्या, पूजा कासलीवाल, सुयोग जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# लुपस के लक्षणों को पहचानेंगे तभी सही समय पर मिलेगा निदान

## वर्ल्ड लुपस डे के मौके पर डॉ. मालविया ने दी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लुपस किसी भी व्यक्ति को हो सकता है पर ध्यान रखने वाली बात यह है कि यह संक्रामक नहीं होता है। यह एक ऑटो इम्यून बीमारी है जो हमारे विभिन्न अंगों को नुकसान पहुंचा सकती है। खास कर के त्वचा, दिमाग, गुर्दे, आंख, खुन की नसें आदि। यह बिमारी क्रोनिक होती है और काफी लम्बे समय तक चलती है। दुनिया भर में लगभग 50 लाख लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं, जिनमें से 90 परसेंट पेशेंट महिलाएं। यह अनुवांशिक या पर्यावरणीय उत्तेजनाओं के कारण होने वाली बिमारी है। यह जानकारी रविवार को इंदौर जाने माने रुमेंटोलोजीस्ट डॉ. सौरभ मालविया (गठिया रोग विशेषज्ञ) के द्वारा सिस्टमिक लुपस एस्थिमैटोसस (एसएलई) के बारे में यूट्यूब पर आयोजित अवेयरनेस पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक रिसर्च के मुताबिक पश्चिमी दुनिया में लुपस पीड़ित लोगों के निदान होने में औसतन लगभग 6 वर्ष लग जाते हैं। वहीं लुपस पीड़ित 63% लोगों की रिपोर्ट गलत पाई गई थी। भारत में ये आकड़ा 80 प्रतिशत तक पहुंच जाता है जिस वजह से सही ट्रिटमेंट शुरू होने में देरी होती है।

### महिलाओं में होता है ज्यादा खतरा

डॉ. सौरभ ने बताया कि लुपस रिह्युमेटोलॉजी की सौ बीमारियों में से एक है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में इसका खतरा 9 गुना अधिक होता है। अध्ययनों के मुताबिक हर 2000 में से एक महिला को लुपस होता है। शहर की बात करे तो जागरूकता के आभाव में लुपस के 80 प्रतिशत केसेस अभी भी डॉक्टर्स के सामने नहीं आए हैं। आज भी 90 प्रतिशत मामलों में मरीज और डॉक्टर दोनों ही जागरूकता के अभाव में इस बीमारी के लक्षण नहीं समझ पाते। इस तरह के केसेस में लुपस के कारण मरीज के अन्य अंग प्रभावित हो जाते हैं और कई बार मरीज अपने वे अंग खो भी देते हैं। सेमिनार के दौरान भी ऐसे कई मरीज आए थे जिन्होंने अपनी आंखे खो दी। वही एक मरीज में डॉक्टर लुपस के लक्षण को कैंसर के लक्षण समझ कर चार बार उसकी बायोप्सी करा चुके थे।

## 4 दिवसीय श्री माधवनाथ दीप प्रकाश ग्रंथ शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बहु प्रतिक्षित 88 वर्ष पुराने श्रीनाथ मन्दिर साउथ तुकोगंज में चार दिवसीय श्री माधवनाथ दीप प्रकाश ग्रंथ शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ 7 मई, मंगलवार को होने जा रहा है। शुभारंभ कांकड आरती से होगा।

यह जानकारी देते हुए श्रीनाथ मन्दिर के अध्यक्ष और पूर्व चीफ जस्टिस व्ही, एस कोकजे और सचिव संजय गो.नामजोशी ने बताया कि सुबह के सत्र मे श्री नाथ जय नाथ ,,,का अखंड जाप होगा। दोपहर को भजन होंगे। शाम 7 बजे माधवनाथ महाराज के परम शिष्य मनोहर देवनाथ महाराज के प्रवचन होंगे।विषय होगा श्री माधवनाथ महाराज जीवन चरित। कार्यक्रम से जुड़े आंनद भट् ने बताया कि संपूर्ण आयोजन की तैयारिया हो चुकी है। भव्य मंच सज चुका है और पुणे, नासिक, रावेर और अकोला से माधवनाथ महाराज के अनुयायियो का आने का क्रम शुरू हो चुका है । देश भर से करीब 500 अनुयायी आएँगे। मंगेश भागवत ने बताया कि नाथ संप्रदाय के श्री माधवनाथ महाराज के जीवन पर लिखे ग्रंथ श्री माधव नाथ दीप प्रकाश को 100 वर्ष पूरे होने जा रहे है। इसी उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है।

# तीन दिवसीय रंगोली अभियान

## मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संस्कार भारती का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में जनता की मतदान के प्रति रुचि के उद्देश्य को लेकर संस्कार भारती व अन्य संस्था द्वारा जिला इंदौर ने शहर के चार स्थानों पर रंगोली के माध्यम से संदेश देने का प्रयास किया। रविवार को इंदौर के हृदय स्थल राजवाड़ा के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाई गई। लगभग 200 वर्ग फीट रंगोली में मां अहिल्या को केंद्र में रखकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। अभिनव कला समाज प्रांगण में भी एक अन्य रंगोली बनाई गई। इस रंगोली के मध्य में ऊंगली का चिन्ह बनाया गया। दोनों रंगोलिया का लोगों ने अवलोकन किया एवं उनके साथ सेल्फी लेकर मतदान के प्रति अपने संकल्प को व्यक्त किया। अभियान के अगले चरण में सोमवार को 56 दुकान इंदौर एवं मंगलवार को पलासिया सेल्फी पाइंट पर रंगोलियां बनाई जाएगी। मुख्य कलाकार छाया मलमकार ने बताया कि वैशाली मलमकर, साक्षी जैन, चंचला पुणेकर, रमेश मलमकर, स्वाति सूपेकर, अवनि पुणेकर, अविनाश मोतीवाले सहयोगी कलाकार थे। तीनों दिन की रंगोली के लिए एक क्विंटल रंगोली का उपयोग किया जाएगा।

## सीआईएससीई बोर्ड में हार्दिक पाटीदार ने किया टॉप

**इन्दौर।** काउंसिल फार द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआइएससीई) ने सोमवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित किया। इंदौर जिले के छह स्कूलों से विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। दोनों कक्षाओं में की परीक्षा में करीब 800 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिले में इन स्कूलों का परिणाम 99 फीसदी रहा है। 12वीं के गणित संकाय में टापर श्रवि बंसल को 97.5 फीसदी अंक प्राप्त हुए हैं। 10वीं में विद्यार्थियों का अच्छा प्रदर्शन रहा है, जिसमें हार्दिक पाटीदार को 98.6 फीसदी अंक आए हैं। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक, गत वर्ष की तुलना में इस बार बेहतर परिणाम आए है। 12वीं पास कर चुके परीक्षार्थियों ने अब इंजीनियर और डाक्टर बनने की इच्छा जताई है। विद्यार्थियों के मुताबिक, प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए इंटरनेट मीडिया से दूरी बनाई थी।बेहतर अंक लाने वाले अधिकांश परीक्षार्थियों ने स्कूल और घर पर ही सेल्फ स्टडी की। पालकों ने भी बच्चों को बेहतर तैयारी के लिए प्रेरित किया। मप्र-छग सीआइएसई ऐसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. भावना चेलावत ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम बेहतर आया है। मप्र में ओवरऑल 99 फीसदी परिणाम रहा है।

## कार सवार को लूटने वाले तीन बदमाश पकड़ाए

**इन्दौर।** लसूड़िया इलाके में बदमाशों ने कार सवार को लूटने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों ने 5 दिन पहले कार सवार को बायपास पर लूट लिया था। डीसीपी जोन 2 अभिनव विश्वकर्मा की टीम ने अनस, फैजान और फरदीन नाम के तीन आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों ने 5 दिन पहले बायपास पर एक कार सवार को रोककर उससे मोबाइल, सोने की चेन और घड़ी लूट कर भाग गए थे। पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू की। इसके बाद लगातार सीसीटीवी फुटेज ओर मोबाइल डाटा के बाद आरोपियों को पकड़ लिया।

## हाशिये पर है विशाल पटेल और संजय शुक्ला

**इन्दौर।** कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए दोनों पूर्व विधायक विशाल पटेल और संजय शुक्ला की लोकसभा चुनाव के दौर में भाजपा में कोई पूछ परख नहीं है। इंदौर-1 में जहां से कैलाश विजयवर्गीय विधायक हैं, शुक्ला को लोकसभा चुनाव से पूरी तरह दूर रखा गया है। वहीं देपालपुर में मनोज पटेल के दबाव के चलते विशाल पटेल को कोई अहम भूमिका नहीं दी गई है। इन दोनों नेताओं के समर्थकों की भी कहीं पूछ परख नहीं हो रही है।

## दिव्यांगजनों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति 7 मई को

**इन्दौर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में इंदौर जिले को मतदान में नम्बर वन बनाने के लिए शहर में अनेक स्वीप गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। इसी के अंतर्गत दिव्यांगजनों द्वारा 7 मई को प्रातः 11 बजे से रविन्द्र नाट्य गृह, इंदौर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दिव्यांग रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से संदेश देंगे। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सामाजिक न्याय विभाग एवं स्मार्ट सिटी इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगा।

# इंदौर में सघन गृह संपर्क कर पीले चावल देकर की जा रही है मतदान की अपील

### बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा बताया जा रहा है मतदान का महत्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में इंदौर जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए नित नये नवाचारों के साथ परिवारों से प्रत्यक्ष सम्पर्क का दौर भी जारी है। इंदौर जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप(BAG) के सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर नागरिकों से मतदान दिवस 13 मई को अपने मताधिकार का उपयोग करने की समझाईश दी जा रही है। इसके साथ ही मतदाता पर्ची वितरण कार्य भी किया जा रहा है।

जिले के अनेक गाँवों और शहरी क्षेत्रों में पीले चावल देकर मतदान हेतु आमंत्रण भी दिया जा रहा है और संकल्प पत्र भरवाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर इंदौर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के विशेष प्रयास किये जा रहे है। मतदाताओं को बताया जा रहा है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी नागरिक मतदान अवश्य करें, मतदान प्रक्रिया में भाग ले और मतदाता होने पर गर्व महसूस करें।



BAG दल के सदस्यों द्वारा सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक बूथ पर कल 7 मई को चले बूथ की ओर अभियान के द्वारा इन क्षेत्रों में रैली निकाल कर प्रत्येक नागरिक को मतदान के प्रति जागरूक किया जायेगा। रैली के समापन पर मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं से संकल्प पत्र भरवाये जायेंगे और मतदान करने की शपथ भी दिलाई जायेगी।

# अभ्यर्थियों को प्रचार वाहनों की लेना होगी अनुमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन के प्रचार में लगे वाहनों की अनुमति लेनी होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि चुनाव प्रचार में अनुमति प्राप्त वाहनों का भी उपयोग किया जाये। प्रचार में लगे वाहनों का खर्च अभ्यर्थी के खाते में जोड़ा जायेगा।

वाहनों में निर्धारित संख्या में ही व्यक्तियों के बैठने की अनुमति होगी। प्राप्त अनुमति की मूल प्रति वाहन की विण्ड स्क्रीन पर लगा कर रखना होगी। यदि अनुमति उपरान्त 2 दिन तक वाहन उपयोग में नहीं लाया जाता है तो आरओ को आवेदन देकर अनुमति निरस्त करवाई जा सकती है। यदि अभ्यर्थी स्वयं का वाहन प्रयुक्त करते है तो अनुमति प्राप्त करनी होगी और उसका ईंधन एवं ड्रायवर का खर्च व्यय लेखे में जोड़ा जाएगा। वाहन में अवैध सामग्री का परिवहन निषेध रहेगा। सभी अनुमति प्राप्त वाहन एसएसटी एवं अन्य प्राधिकारियों के जांच के अधीन होंगे। समस्त वाहन अनुमतियाँ मतदान समाप्ति के समय से 48 घण्टे पूर्व निरस्त हो जायेगी। वाहन पर केवल एक झण्डे तथा उचित आकार के स्टीकर की अनुमति रहेगी। यदि वाहन पर लाउड स्पीकर का उपयोग किया जाता है तो उसकी भी अनुमति प्राप्त करना होगी। यदि आडियों कैसेट चलाया जाता है तो आडियों का एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक होगा। मान्यता प्राप्त राजनैतिक पदाधिकारियों हेतु एक वाहन की अनुमति पदाधिकारी के नाम से जारी की जायेगी। इसका व्यय पार्टी खर्च में जोड़ा जायेगा।

यदि अभ्यर्थी के प्रचार में प्रयुक्त किया जा रहा है या वह स्वयं अभ्यर्थी है तो उस क्षेत्र के लिए वाहन पर उपगत व्यय अभ्यर्थी के व्यय में जोड़ा जाएगा। इन वाहनों की अनुमति जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भिन्न रंग के कागज पर जारी की जायेगी। जिसकी प्रमाणित छाया प्रति विण्ड स्क्रिन पर लगाकर रखना होगी। मूल प्रति ड्रायवर के पास रखी जायेगी। प्राधिकारियों के माँगे जाने पर दिखाना होगी।

## धूमधाम से निकाली गई परंपरागत संस्कार यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भगवान परशुरामजी के प्राकट्य उत्सव दिवस के उपलक्ष्य में श्री परशुराम युवा सेना के संस्थापक पं. वैभव पांडेय द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ सनातन संस्कृति को संजोये रखने वाले सनातन प्रेमी व ब्राह्मण शक्ति द्वारा भव्य और विशाल परंपरागत संस्कार यात्रा निकाली गई। विगत 12 वर्षो की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए संस्कार यात्रा को इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में इंदौर के सनतनीयों व ब्राह्मण बंधु सम्मिलित होकर ब्राह्मण शक्ति और सनातन एकता की ताकत दिखाई। महामंडलेश्वर, साधु-संतों और विद्ववत जनों के नेतृत्व में श्री परशुराम युवा सेना द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रथम नागरिक ब्राम्हण गौरव युवा तरुणाई पं. पुष्यमित्र भार्गव, पं. संजय शुक्ला, दिनेश शर्मा, अश्विनी शुक्ला पार्षद, भाजपा नेता मनोज मिश्रा, संदीप दुबे, नितिन पांडेय, प्रमोद द्विवेदी और अन्य कई ब्राम्हण शक्ति व सनातनी बंधु यात्रा में सम्मिलित हुए। यात्रा संयोजक पं. बबलू शर्मा द्वारा व संचालन पं. संदीप मिश्रा एवं व्यवस्था महासचिव पं. गौरव पांडेय, नगर अध्यक्ष पं. प्रफुल दुबे, नगर महामंत्री पं चिन्तन त्रिवेदी, विधानसभा अध्यक्ष पं. कुणाल पंचोली, पं. देवेश त्रिवेदी, पं. नवनीत मिश्रा द्वारा देखी गई। महाआरती व प्रसादी वितरण कर भगवान श्री परशुरामजी का जयघोष कर यात्रा का समापन किया गया।

# प्रत्येक मतदान केन्द्र पर आज होगा चले बूथ की ओर अभियान

### स्वीप गतिविधियों के आयोजन के साथ घर-घर संपर्क कर वरिष्ठ, बुजुर्ग मतदाता/दिव्यांग मतदाताओं का किया जायेगा सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिये प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 'चले बूथ की ओर' अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान 07 मई 2024 को आयोजित होगा।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार यह अभियान इंदौर जिले के सभी ग्राम और वार्ड में एक साथ होगा। इसमें मतदान केन्द्रों तक प्रातः 10 से 11 बजे तक बूथ मार्च निकाला जायेगा। जिसमें स्थानीय नागरिक, विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को सम्मिलित किया जायेगा। बूथ मार्च समाप्ति उपरांत मतदान केन्द्रों पर मतदान करने हेतु सामूहिक शपथ दिलाई जायेगी।

इंदौर जिले में अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए बूथ मार्च उपरांत बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक अलग-अलग दल बनाकर प्रत्येक ग्राम/बस्ती में घर-घर जा कर पीले चावल देकर 13 मई को मतदान हेतु मतदाताओं को आमंत्रित किया जायेगा। मतदाताओं से संकल्प पत्र भी भरवाये जायेंगे। क्षेत्र के वरिष्ठ, बुजुर्ग मतदाता/दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान भी गृह संपर्क के दौरान किया जायेगा।

इसी दिन संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार मेगा रांगोली/मानव श्रंखला/साइकल रैली/सेल्फी पाईंट आदि स्वीप गतिविधियां भी की जायेगी। गतिविधि के उपरांत मतदान केन्द्र पर सामूहिक श्रमदान कर साफ सफाई/साज सज्जा भी की जायेगी। उक्त आयोजन में केम्पस एम्बेसेडर्स/ईएलसी/चुनाव पाठशाला/रहवासी संघ/एनजीओ/वोटर अवेयरनेस फोरम को भी उक्त अभियान में सम्मिलित किया जायेगा। चले बूथ की ओर अभियान अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्र पर स्वीप गतिविधियों का सघन रूप से आयोजित करने के निर्देश भी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा निर्देश दिये गये है।

# पहली बार 5 शहरों में पारा 43 डिग्री पार

## भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर-उज्जैन भी तपे; छिंदवाड़ा में बूंदाबांदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल** । प्रदेश में पहली बार 5 शहर दमोह, टीकमगढ़, खजुराहो, सतना और नौगांव में पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया। सबसे ज्यादा गर्म नौगांव में 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दमोह, टीकमगढ़-खजुराहो में 43 डिग्री और सतना में पारा 43.2 डिग्री दर्ज किया गया। इस कारण यहां पर गर्म हवाएं भी चली। इससे पहले कई शहरों में रातें भी गर्म रही थी। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी तेज गर्मी का अलर्ट जारी किया है। दूसरी ओर, सोमवार को छिंदवाड़ा में बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, शिवपुरी में 42 डिग्री, मंडला में 42.2 डिग्री, सीधी में 42.4 डिग्री, मलाजखंड में 42.4 डिग्री, खंडवा में 42.5 डिग्री और रीवा में पारा 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नरसिंहपुर, शाजापुर, रायसेन और धार में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रतलाम, सिवनी, उमरिया, सागर, गुना और खरगोन में टेम्प्रेचर 41 डिग्री या इससे



अधिक दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 40.7 डिग्री, इंदौर में 39.3 डिग्री, ग्वालियर में 42 डिग्री, जबलपुर में 40.9 डिग्री और उज्जैन में टेम्प्रेचर 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

मध्य प्रदेश में अगले 4 दिन यानी, 9 मई तक हीट वेव, बारिश और बादल छाने का अलर्ट है। मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर-उज्जैन संभाग के जिलों में हीट वेव चलेगी, जबकि पूर्वी हिस्से में बूंदाबांदी और बादल रहेंगे। सोमवार को जबलपुर, छिंदवाड़ा समेत 20 शहरों में बूंदाबांदी हो सकती है।

इससे पहले प्रदेश के 7 शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 42 डिग्री के पार पहुंच गया। सतना में पारा 43.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, कुल 27 शहर ऐसे रहे, जहां तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। सीजन में पहली बार प्रदेश में इतनी गर्मी पड़ी।

### इसलिए प्रदेश में ऐसा मौसम

वैज्ञानिक प्रकाश धावले ने बताया, अभी ईरान के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। वहीं, दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और ट्रफ लाइन भी है। इन सबके चलते बादल भी छा रहे हैं। 6 मई को कुछ जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है। इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

7 मई को पश्चिमी मध्यप्रदेश में हीट वेव का अलर्ट है। पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवा भी चल सकती है।

8-9 मई को भी गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी।

### प्रदेश में अगले 3 दिन ऐसा मौसम

7 मईः उज्जैन, रतलाम, नीमच, मंदसौर, झाबुआ, धार, बड़वानी, खरगोन और खंडवा में हीट वेव चलेगी। छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, उमरिया, अनूपपुर, रीवा में तेज हवा, हल्की बारिश और बादल वाला मौसम रहेगा।

8 मईः मंदसौर, नीमच, रतलाम, उज्जैन, झाबुआ, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा में हीट वेव का असर रहेगा। वहीं, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, उमरिया में बादल रहेंगे।

9 मईः इंदौर, रतलाम, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, बैतूल, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर जिलों में गरज-चमक की स्थिति रहेगी।

# शहीद विक्की पहाड़े को गार्ड ऑफ ऑनर से अंतिम विदाई

## छिंदवाड़ा में 5 साल के बेटे ने दी मुखाग्नि, पत्नी बोलीं- मुझे गर्व है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में आतंकी हमले में शहीद हुए एयरफोर्स के जवान विक्की पहाड़े का अंतिम संस्कार छिंदवाड़ा के पातालेश्वर मोक्षधाम में किया गया। मुखाग्नि शहीद के 5 साल के बेटे हार्दिक ने दी। इससे पहले, एयरफोर्स ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

सेना के हेलिकॉप्टर से उनका पार्थिव शरीर नागपुर से सुबह 10.30 बजे इमलीखेड़ा हवाई पट्टी (छिंदवाड़ा) लाया गया। गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद विशेष वाहन से पार्थिव शरीर को परासिया रोड से उनके गृह ग्राम नोरिया करबल ले जाया गया। नोरिया करबल से अंतिम यात्रा पातालेश्वर मोक्षधाम पहुंची। यहां रिश्तेदार ने बेटे को गोद में लेकर विधि-विधान से अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई। इससे पहले छिंदवाड़ा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उनकी मां दुलारी से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यहमें अपने बहादुर जवान और सेना पर गर्व है। जिन्होंने यह कायराना हरकत की, उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी।



**परिवार को एक करोड़ की मिलेगी सहायता राशि-** सीएम डॉ. मोहन यादव ने अरक महेंद्र बागरी के परिवार को एक करोड़ की सहायता राशि देने की बात कही है। साथ ही परिवार के सदस्य को नौकरी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रस्ताव को मंजूरी के लिए चुनाव आयोग को भेजेगी। पति की शहादत पर पत्नी रीना पहाड़े ने कहा, ह्यमुझे गर्व है...ह्न वे 5 साल के बेटे हार्दिक को गोद में लिए हुए थीं, इतना कहकर उनके आंसू नहीं रुके। सब इंस्पेक्टर बहन गीता ने कहा, मुझे भाई पर गर्व है।

# बहन की शादी, भाइयों की ट्रैक्टर पलटने से मौत

## जबलपुर में 5 की मौत; मरने वालों की उम्र 10 से 18 साल, तीन सगे तो दो चाचा के लड़के थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में सोमवार ट्रैक्टर पलटने से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की उम्र 10 से 18 साल के बीच है। 10 और 12 साल के दो बच्चे घायल हुए हैं। घटना चरगंवा थाना के तिनेटा गांव की है। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया है।**

सभी बच्चे आपस में रिश्तेदार हैं। एक ही गांव तिनेटा देवरी के रहने वाले हैं। वे ट्रैक्टर से पानी का टैंकर लेने जा रहे थे। ट्रैक्टर को 18 साल का धर्मेंद्र ठाकुर (गोंड) चला रहा था। उसकी बहन की आज बारात आना थी। घर से 500 मीटर दूर ही निकले, तभी ट्रैक्टर अनबैलेंस होकर सड़क से उतरकर खेत में पलट गया। बताया जाता है कि हादसे के बाद शादी को आगे बढ़ा दिया गया है। प्रशासन की ओर से फौरी तौर पर मृतकों के परिजन को 50-50 हजार रुपए और घायलों को 10-10 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी गई है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतक बच्चों



के परिवारों को 2-2 लाख रु. की सहायता राशि देने की बात कही है। रतलाम दौरे के दौरान उन्होंने मदद की घोषणा की।

### तीन सगे भाई और चाचा के दो बेटों की मौत

हादसे में तीन सगे भाईयों के साथ ही चाचा के दो बेटों की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार घर पर बहन की बारात आनी थी, सभी मिलकर शादी की तैयारी कर रहे थे। पिता रामप्रसाद ने बड़े बेटे से कहा कि गांव में पानी की किल्लत है, दूसरे गांव से टैंकर लेकर आना होगा। पिता की बात सुनते ही धर्मेन्द्र गांव से तीन किलोमीटर दूर देवरी टैंकर लेने के लिए जाने लगा।

### हादसे में इनकी मौत

धर्मेंद्र (18) पिता राम प्रसाद ठाकुर

देवेंद्र (15) पिता मोहन बरकड़े

राजवीर (13) पिता राम प्रसाद ठाकुर

अनूप (12) पिता गोविंद बरकड़े

लकी (10) पिता राम प्रसाद ठाकुर

ये हुए घायल-

दलपत (12) पिता निरंजन गौंड

विकास (10) पिता राम कुमार उइके

**मंत्री राकेश सिंह भी पहुंचे अस्पताल-** घटना की सूचना पर मंत्री राकेश सिंह अस्पताल पहुंचे। वे घायलों से मिले। उन्होंने डॉक्टरों से हादसे की जानकारी ली। घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिए। साथ ही मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता भी दी जा जा रही है।

**सीएम डॉ.मोहन यादव ने दुख जाहिर करते हुए एक्स पर लिखा-** तिनेटा देवरी में ट्रैक्टर पलटने से 5 बच्चों के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व शोक संतप्त परिजनों को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं। हादसे में जो 2 बच्चे घायल हुए हैं। उनके उचित इलाज के निर्देश दिए हैं। बाबा महाकाल से सभी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। शासन द्वारा मृतक बच्चों के परिजनों को 50-50 हजार रुपए और घायलों के लिए 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

# पानी के लिए 3 किमी का कर रहे सफर

## 20 फीट गहराई में उतरकर इक्ट्ठा कर रहे पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी।** बड़वानी जिले के पाटी विकासखंड में गर्मी की शुरूआत में भीषण जलसंकट के हालात हैं। विकासखंड के ग्राम चिकलकुआवाड़ी के उगेवना फलियां में तीन हैंडपंप जलस्तर गिरने से बंद हो चुके हैं। महिलाओं व बच्चों को दो किमी दूर स्थित एक निजी कुएं पर पानी भरने के लिए जाना पड़ता है। महिलाएं और बच्चे 20 फीट गहरे कुएं में उतरकर बर्तनों में पानी भरकर ऊपर लाती हैं। ऐसे में जरा सा भी संतुलन बिगड़ जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। मामला पाटी विकास खंड के ग्राम पंचायत चिकल कुआवाड़ी के उगेवना फलिया का है। 250 आबादी वाले इस गांव में तीन महीने से जलसंकट है। क्षेत्र के तीन हैंडपंप जलस्तर गिरने की वजह से बंद हो चुके हैं। फलियां के रहवासी दो किमी दूर जाकर एक निजी कुएं में जान जोखिम में डालकर पानी निकाल रहे हैं। जो पानी निकल रहा है वह भी मटमैला है। लेकिन मजबूरी में वही पानी पीने के लिए मजबूर हैं। 25 से 30 परिवार के करीब 250 से ज्यादा लोग एक ही कुएं पर निर्भर है। यहां पर सुबह से शाम तक पानी के लिए इंतजार करना पड़ता है। फलियां में ना ही चालू स्थिति में हैंडपंप है। न ही शासन से नल जल योजना में पानी की व्यवस्था की गई। जिससे यहां के लोग परेशान हैं। फलियां में एक दबंग व्यक्ति ने एक हैंडपंप पर अपना कब्जा जमा रखा और पानी की मोटर लगाकर खेत में सिंचाई के काम में ले रहा है। लेकिन लोगो को पीने का पानी नहीं दे रहा है। ग्रामीण कुंवरलाल ओहरे ने बताया पानी की समस्या ज्यादा है। दो किमी दूर से एक निजी कुएं से पानी ला रहे हैं। उन्होंने कहा पशुओं को 3 किमी दूर बेडदा में बने तालाब में पानी पिलाने ले जा रहे हैं। वहीं निजी कुएं में भी पानी मटमैला आता है फिर भी मजबूरी में उन्हें वहीं पानी पीना पड़ता है। फिलहाल 3 हैंडपंप भी सूखे पड़े हुए हैं। वहीं सुरला ने बताया कि यहां सभी कुएं सुख गए हैं। एक ही कुएं में पानी है। यहां पर सुबह 5 बजे से पानी के लिए इंतजार कर बैठे रहते हैं।

## संपादकीय

### नेपाल की उकसावे वाली जिद

*पड़ोसी देश नेपाल ने पिछले कुछ समय से भारत को लेकर जैसा रवैया अख्तियार किया हुआ है, उससे साफ है कि वह चीन के प्रभाव में कुछ अवांछित फैसले भी कर रहा है। हालांकि उसे यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत जैसे पड़ोसी के संप्रभु क्षेत्र में अगर वह दस्तावेजी तौर पर नाहक दखलअंदाजी करने की कोशिश करता है तो वह एक तरह से उकसावे की कार्रवाई है। गौरतलब है कि नेपाल सरकार ने सौ रुपए के नए नोट छापने का फैसला किया है, जिस पर देश का एक नक्शा भी होगा। किसी भी देश का यह अपना फैसला होता है कि वह अपनी मुद्रा पर क्या प्रतीक चिह्न देता है। मगर उसमें अगर किसी पड़ोसी देश की संप्रभुता के अतिक्रमण का संकेत दिखेगा तो यह निश्चित तौर पर आपत्तिजनक है। नेपाल ने सौ रुपए के नोट पर जो नक्शा छापने का फैसला किया है, उसमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी इलाके भी शामिल हैं, जबकि ये भारत के सीमा क्षेत्र में हैं। पिछले चौंतीस वर्षों से वह भारत के इन तीनों क्षेत्रों को अपना बता कर विवाद को जटिल बनाता रहा है। भारत के लिए यह तकलीफदेह इसलिए भी है कि सदियों से नेपाल के साथ मधुर रिश्ते रहे हैं। इसी वजह से नेपाल के सबसे विकट समय में भी भारत ने उसका साथ दिया है, हर स्तर पर आगे बढ़ कर मदद पहुंचाई है। अफसोस की बात है कि नेपाल भारत के साथ अपने पुराने संबंधों की गरिमा को ताक पर रख कर अब कूटनीतिक संवेदनशीलता का ध्यान रखना भी जरूरी नहीं समझ रहा है। नेपाल की ओर से यह विवाद करीब चार वर्ष पहले भी उठा था, जब उसने देश के नए राजनीतिक और प्रशासनिक नक्शे की मंजूरी के लिए संसद में पेश किया था। सवाल है कि जो इलाके लंबे समय से और आधिकारिक तौर पर भारत का हिस्सा रहे हैं, उन पर दावा जता कर नेपाल क्या हासिल करना चाहता है! अभी तक भारत, नेपाल के इस रुख पर तीखी प्रतिक्रिया देकर शांत रह जाता रहा है। मगर अब उसे इस मसले के हल के लिए अपनी ओर से ठोस पहल करने की जरूरत है।*

**अर्ज किया है..!**

*और कुछ भी मुझे*
*दरकार नहीं है लेकिन*
*मेरी चादर मिरे*
*पैरों के बराबर कर दे*

*- शाहिद मीर*




*सभी जीवन की जड़ मिट्टी में है। मिट्टी को बचाए बिना, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और महासागर प्रदूषण जैसे मुद्दों का समाधान निकलने का कोई तरीका नहीं है।*

- जग्गी वासुदेव

**Health is Wealth**

# दिल को हेल्दी और स्ट्रॉन्ग रखने के लिए एक्सपर्ट ने बताए टिप्स

## हर कोई कर सकता है फॉलो



खराब लाइफस्टाइल के कारण ज्यादा तर लोग इन दिनों कई तरह की बीमारियों से जूझ रहे हैं। बिजी लाइफस्टाइल और खराब खानपान के कारण लोगों को डायबिटीज और ब्लड शुगर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। एक हेल्दी शरीर के लिए हेल्दी ब्लड सर्कुलेशन जरूरी है, तभी हमारी बॉडी सही तरह से काम करती है। ब्लड सर्कुलेशन अगर स्लो हो तो कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का खतरा बढ़ा जाता है। ऐसे में आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. दीक्षा भावसार ने दिल को हेल्दी और मजबूत बनाए रखने के टिप्स बताए हैं, जानिए-

### दिल को मजबूत और हेल्दी रखने के टिप्स

1) अपने खाने में लहसुन और अलसी के बीज शामिल करें।
2) 30 साल की उम्र के बाद हर साल अपनी लिपिड प्रोफाइल और एचएस-सीआरपी की जांच कराएं।
3) अपने खाने में अनार, अखरोट, बादाम, संतरा, जामुन, पत्तेदार सब्जियां शामिल करें।
4) अपने खाने में दालचीनी, काली मिर्च, हल्दी, अदरक, सौंफ, इलायची, धनिया जैसे मसालों को शामिल करें।
5) 40 की उम्र के बाद चाय के रूप में 'अर्जुन' जड़ी बूटी खाना शुरू करें।
6) चलने-फिरने को अपने रूटीन में शामिल करें। क्योंकि बैठना दिल के लिए हानिकारक हो सकता है। रोजाना कम से कम 45 मिनट व्यायाम करें।
7) अपने तनाव को नियंत्रित करें, एक्टपर्ट कहती हैं कि स्ट्रेस दिल के दौरे के लिए प्रमुख रूप से जिम्मेदार हो सकता है।
8) डीप फ्राइड और प्रोसेस्ड भोजन खाने से बचें। जंक फूड को महीने में एक/दो बार तक सीमित रखें। इसके अलावा धूम्रपान बंद करें।
9) दोपहर 2 बजे के बाद कैफीन से बचें, सोने के 10 घंटे के अंदर कैफीन पीने से नींद संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।
10) अपने वजन और शुगर के लेवल को सीमा में रखें। मोटापे और हाई शुगर लेवल वाले लोगों को दिल के दौरे का ज्यादा खतरा होता है।

Jharkhand

# नकदी बरामदगी मामले में मंत्री का पीए और नौकर गिरफ्तार, ईडी ने बरामद किए 35 करोड़ रुपये कैश

**रांची, (एजेंसी)** ईडी ने 35 करोड़ रुपये की नकदी बरामदगी के मामले में झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पीए और घरेलू नौकर को गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के पास से 35 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। मंगलवार को ईडी ने इस मामले में संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है।



ईडी ने राज्य ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं के मामले में छापेमारी की थी। छापेमारी के तहत रांची के एक 2 बेडरूम फ्लैट में छापा मारा। यह फ्लैट कथित तौर पर संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम का है। इस फ्लैट से ईडी ने 32 करोड़ रुपये बरामद किए। वहीं अन्य ठिकानों पर छापेमारी से तीन करोड़ रुपये नकद बरामद किए। इस तरह अब तक कुल 35 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हो चुकी है। वहीं झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम ने अपनी ओर से कोई भी गलत काम से इनकार किया है। ईडी ने सोमवार को संजीव लाल के साथ ही उनके नौकर जहांगीर आलम, बिल्डर मुन्ना सिंह और उनके करीबियों समेत नौ ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में बड़ी संख्या में नकदी बरामद हुई, जिसकी गिनती के लिए नोट गिनने वाली पांच मशीने और बैंक के कर्मचारियों को लगाया गया।

Paschim

## बर्थडे केक और 26 साल की दरोगा की बेटी का काटा गला, मर्डर कर नहर में लगाई छलांग

**रायवाला, (एजेंसी) दरोगा की बेटी की दोस्त ने चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। सोमवार सुबह युवती का शव हरिद्वार-दून हाईवे पर तीन पानी पुलिया के पास मिला। आरोपी के एक दोस्त ने पुलिस पूछताछ में बताया कि हत्या के बाद वह शक्ति नहर में कूद गया।**

एसएसपी देहरादून अजय सिंह के मुताबिक- बापूग्राम, ऋषिकेश निवासी 26 वर्षीय आरती डबराल पांच मई की शाम घर से दोस्त के जन्मदिन में जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वह देर रात तक घर नहीं लौटी।

सोमवार सुबह करीब छह बजे हरिद्वार-देहरादून हाईवे पर नेपाली फार्म से कुछ दूर तीन पानी पुलिया के पास सर्विस रोड पर पुलिस को युवती का गला रेता हुआ शव मिला। युवती की शिनाख्त आरती के तौर पर हुई।पुलिस जांच में सामने आया कि आरती बसंत कॉलोनी, श्यामपुर, ऋषिकेश निवासी शैलेंद्र भट्ट का जन्मदिन मनाने गई थी।

शैलेंद्र मूलरूप से पुजार गांव, चंद्रबदनी टिहरी निवासी है। वह श्यामपुर में बहन के यहां रह रहा था। बकौल एसएसपी, आरती और आरोपी शैलेंद्र लंबे समय से दोस्त थे। शैलेंद्र ने ही आरती की हत्या की। पुलिस हत्या की वजह से जानने के लिए आरोपी के दोस्तों और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

आरोपी के शक्ति नहर में छलांग लगाने की बात एक दोस्त ने कही, एसडीआरएफ नहर में तलाशी अभियान चला रही है। मृतका के पिता शिव प्रसाद डबराल पुलिस में दरोगा हैं, वर्तमान में उनकी तैनाती नगर कोतवाली देहरादून में है। ऋषिकेश डिग्री कॉलेज से एमएससी करने के बाद आरती बीएड की तैयारी कर रही थी।

Uttarpradesh

## बहन की लव मैरिज से था खफा, भाई ने 19 साल बाद ससुराल आए बहनोई को उतार दिया मौत के घाट

**बरेली, (एजेंसी)** यूपी के बरेली में एक साले ने अपने ही बहनोई की चाकू मार कर हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि 19 साल पहले हत्यारोपी की बहन ने लव मैरिज की थी, जिससे भाई नाराज रहता था. ऐसे जब बहनोई पहली बार ससुराल में बीमार सास को देखने आया तो साले ने उसके सीने में चाकू घोंपकर जान ले ली. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया. फिलहाल, पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है. दरअसल, बहनोई जाकिर अहमद खान अपनी बीमार सास को देखने के लिए पत्नी बेबी के साथ ससुराल गया था. इस दौरान उसका साले सईद खान (पुत्र बेचन खान) से विवाद हो गया. तभी आरोपित ने चाकू से बहनाई पर हमला कर दिया. इस हमले में जाकिर बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई.

साभार आज तक

Bihar

## पटना में दिनदहाड़े सीमेंट कारोबारी की गोली मारकर हत्या, CCTV में कैद हुई वारदात

**पटना, (एजेंसी) बिहार के पटना में दिनदहाड़े दो अज्ञात बदमाशों ने एक सीमेंट कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि बदमाश बाइक पर बैठकर आए. महज 18 सेकेंड में बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की. इस वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया.**

बताया जा रहा है कि गोली लगने के बाद कारोबारी आलोक कुमार ने बदमाशों पकड़ने की कोशिश की और उनके पीछे भागा. लेकिन कुछ देर बाद वो गिर गया. उसके सीने और पैर में गोली लगी थी. मौके पर मौजूद लोगों ने आलोक को अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. यह पूरी घटना पास में सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात बदमाशों को पहचाने और उनकी गिरफ्तारी को लेकर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है. जानकारी के मुताबिक आलोक कुमार अपनी सीमेंट की दुकान पर बैठा था. इसी दौरान दो की संख्या में बाइक पर सवार अपराधी दुकान पर आ धमके और देखते ही देखते आलोक को दो गोली मार दी. मृतक के परिजनों के मुताबिक मृतक अशोक कुमार का उनके बिजनेस पार्टनर नीरज कुमार से कुछ विवाद चल रहा था. अशोक सिरपतपुर गांव में अपने जीजा के साथ सीमेंट का कारोबार चला रहा था. पुलिस का कहना है कि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

खेल

# मुंबई ने दर्ज की जीत, हैदराबाद को सात विकेट से हराया, सूर्यकुमार ने छक्के के साथ पूरा किया शतक

**मुंबई, (एजेंसी) मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव के शतक की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। एमआई की इस जीत में तिलक वर्मा ने भी अहम योगदान दिया। दोनों के बीच 143 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हैदराबाद के गेंदबाजों को संघर्ष करते देखा गया। मुंबई के बल्लेबाजों ने उनकी जमकर पिटाई की।**




आईपीएल 2024 के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 174 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। मुंबई इस जीत के साथ अंक तालिका में 10वें से नौवें पायदान पर पहुंच गई है। अब टीम के खाते में आठ अंक हो गए हैं। वहीं, नेट रनरेट -0.212 का हो गया है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बरकरार है।

मुंबई इंडियंस की इस मैच में झटके के साथ शुरुआत हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे ईशान किशन 26 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद टीम को 31 रन के स्कोर पर दो झटे लगे। कमिंस ने रोहित को आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने नमन धीर को आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने संभाला। दोनों ने हैदराबाद के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। सूर्या ने इस मुकाबले में 51 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने 37 रनों की पारी खेली। हैदराबाद के लिए भुवनेश्वर, जानसेन और कमिंस ने एक-एक विकेट चटकाया।

सिनेमा

## आलिया भट्ट फिर हुईं डीपफेक वीडियो का शिकार, इस बार पॉपुलर एक्ट्रेस के साथ है कनेक्शन



आलिया भट्ट एक बार फिर डीपफेक का शिकार हो गई हैं। पिछले कुछ समय से कई एक्ट्रेसेस के डीपफेक वीडियो वायरल हो रहे हैं। अब आलिया का जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें उनका चेहरा किसी ऐसी एक्ट्रेस के बॉडी पर लगाया है जिनकी खूबसूरती के लाखों दीवाने हैं। जी हां, यहां बात हो रही है वामिका गब्बी की। दरअसल, वामिका कुछ दिनों पहले संजय लीला भंसाली की नेटफ्लिक्स सीरीज हीरामंडी की स्क्रीनिंग में पहुंची थीं जहां उन्होंने रेड साड़ी पहनी थी और इस लुक में एक वीडियो शेयर किया था।

अब जो डीपफेक वीडियो आया है उसमें वामिका के वीडियो में आलिया का चेहरा लगाया हुआ है। इस वीडियो को देखकर कई फैंस गुस्सा भी हो गए हैं। एक ने लिखा, क्या सह सब लीगल है? लोग आलिया के चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं। एक ने लिखा कि यह वीडियो वामिका का है, लेकिन इस पर चेहरा आलिया का लगाया है।

वैसे बता दें कि इससे पहले आलिया का एक और वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक लड़की बेड पर लेटकर कैमरे की तरफ देखकर बोल्ड एक्सप्रेशन बनाती हैं। उस लड़की के चेहरे पर आलिया का चेहरा लगाया हुआ था। उस वीडियो में ना सिर्फ आलिया के चेहरे का इस्तेमाल किया था बल्कि एक्ट्रेस की आवाज भी कॉपी की थी।

## Highlights

1. **You should drink more water: PM Modi to journalists covering Lok Sabha elections**
2. **Uttarakhand CM urges voters: 'First voting, then refreshments!'**
3. **7 unsung courtesans who contributed to India's freedom struggle**
4. **Uttarakhand CM extends birthday wishes to UP Deputy CM Maurya**
5. **MTech student, 22, stabbed to death by fellow Indians in Australia**
6. **Congress anti-Sanatan, anti-Ram: BJP president Nadda in Telangana**

# Tesla's chilling layoff email: 'We will begin processing your separation'

**NEW DEIHI, (Agency).** Tesla layoffs: Tesla's layoffs stretched into its fourth week as more employees took to social media platforms to share news of their termination from the company. This comes after reports suggested that- the latest round of layoffs which is affecting various departments within Tesla- had begun. These include software, services, and engineering, reports suggested.

Over the weekend, Tesla employees revealed that they received termination notices. Tesla's job cuts began last month after the company announced plans to reduce approximately 10 percent of its global workforce. Top ececutivesinthecompany- Tesla's head of EV charging Rebecca Tinucci and the head of the new vehicles program Daniel Ho, along with their teams- have also been fired, it was earlier reported.



"I am reaching out to let you know that after a careful review of your permanent work restrictions and your role, it was determined that there was no reasonable accommodation that would enable you to perform the essential functions of your position in your role. The next step in the interactive process is the Alternative Job Search (AJS process), which consists of reviewing Tesla's internal and external job board to identify potential positions. This is to inform you that we have not identified any openings for which you appear qualified. Given recent changes in the business, we also do not currently anticipate any such openings in the near term. As such, we are advising that we intend to conclude the AJS process at this time. As we have not identified an alternative available position, we will begin processing your separation from employment with Tesla, effective May 3rd, 2024."

# Hindalco target price raised as subsidiary Novelis beats Q4 estimates

**NEW DEIHI, (Agency).** Hindalco share price: Atlanta-based Novelis Inc reported a 28% year-on-year growth in operating profit or EBITDA at $514 million. The company is a wholly owned subsidiary of the Aditya Birla group's Hindalco Industries. Following the announcement of Novelis' March quarter earnings, domestic brokerage firm Nuvama Institutional Equities increased its FY25 and FY26 consolidated EBTIDA estimates by 13% and 12%, respectively.

What Nuvama Institutional Equities said on Hindalco share price?

The brokerage also increased its EV/EBITDA multiple to 6.5 times from 6 times earlier and noted that the company's management remained cautious in raising EBITDA per tonne guidance beyond $525. Nuvama maintained a 'Hold' rating on Hindalco stock and said that it would await lower entry points to re-enter the stock.

The brokerage increased its target price to ₹651 per share from ₹508 apiece earlier. The stock will see limited upside going ahead, it said.

"We expect debt to rise to $5.4 billion in FY26E (net debt/Ebitda of 2.4 times). Benefits of its $4.1 billion Bay Minette project (to be commissioned by FY27-end) are likely to start accruing FY28 onwards," the brokerage noted.

What Jefferies said on Hindalco share price?

# आईपीएल का सट्टा पकड़ा

## आरोपियों से 34 मोबाइल ओर 2 लेपटॉप 1 टैब मिला जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने बाणगंगा इलाके से मुंबई ओर हैदराबाद के बीच खेले जा रहे क्रिकेट मैच में बुकिंग करते 8 आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों से 34 मोबाइल, एक टेबलेट और 2 लैपटॉप जब्त किये गए हैं।**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक क्राइम ब्रांच ने परवेज पुत्र माजिद शेख निवासी एमजी रोड़ बड़वानी, रितेश पुत्र ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी हुकुमचंद कॉलोनी, धीरज पुत्र श्याम अग्रवाल निवासी हुकुमचंद कॉलोनी, मनीष पुत्र सुरेश मेहता निवासी तिलक मार्ग राजपुर, उदयचंद पुत्र लक्ष्मण मुखिया निवासी बहेरा, दरभंगा बिहार, पवन पुत्र बद्रीकार निवासी ग्राम लोसगरा बड़वानी, पंकज और मनीष पुत्र खेमालाल सोलंकी निवासी हुकुमचंद कॉलोनी प्रीमियम पेराडाईज कॉलोनी सृजन माहेश्वरी के उपरी मंजिल पर बैठकर क्रिकेट के मैच का सट्टा खेल रहे थे।

क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक उदयचंद ने पैराडाइज प्रीमियम में किराये से घर लिया हुआ था। सभी आरोपी उसके संपर्क में थे। पकड़ाए आरोपियों से करीब 1 लाख रुपए नगद और लाखों रुपए का हिसाब-किताब और सट्?टे की पर्चियां भी मिली है।

### पलासिया और विजयनगर में भी कार्रवाई

आईपीएल को लेकर पलासिया ओर विजयनगर पुलिस ने भी कारवाई की है। पलासिया में पुलिस ने नवनीत टॉवर के फ्लैट नंबर 804 में रेड की। यहां से आलोक पुत्र राजेश योगी निवासी तारकेश्वर कॉलोनी शिवपुरी,रोहित पुत्र गंजानद शर्मा निवासी पत्रकार कॉलोनी को पकड़ा है। आरोपियों के पास से 1 लेपटॉप,10 मोबाइल, लाखों का हिसाब किताब मिला है। आरोपी जिओ सिनेमा से पर क्रिक्रेट देखने के साथ वैगा 9 बेवसाइट्स की लिंक देकर बुकिंग कर रहे थे। आरोपियों पर गेबलिंग एक्ट के तह्त कारवाई की गई है। वही विजयनगर पुलिस ने भी शेखर प्लानेट के सेंकड फ्लोर पर कारवाई करते हुए यहां से रोहित पुत्र मानिकराज निवासी महालक्ष्मी नगर,कपिल पुत्र शिवकुमार योगी निवासी मायपुरी शिवपुरी,प्रदीप पुत्र राजू जोशी निवासी मायापुरी,अनमोल पुत्र जगदीश गोस्वामी निवासी ग्वालियर, शिवेन्द्र पुत्र अरविन्द्र परिहार निवासी शिवकॉलोनी,विकास पुत्र मोहन राठौर निवासी शीतल नगर ओर विनय पुत्र भूपेन्द्र सिंह रावत निवासी शीतल नगर को पकड़ा है। आरोपियों के पास से 9 मोबाइल ओर दो लेपटाप मिले है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# सभा से पहले पीएम मोदी ट्रांजिट विजिट पर इंदौर आए

## एअरपोर्ट पर पहुंचे भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पीएम नरेंद्र मोदी के धार और खरगोन में सभा से पहले इंदौर आए। यहां इंदौर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। एअरपोर्ट से ही मोदी खरगोन के लिए रवाना हो गए, वहां से धारा के लिए रवाना होंगे। पीएम मोदी धार और खरगोन में सभा लेंगे। लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी की यह पहली सभा है। इसके बाद दोपहर 2 बजे तक इंदौर लौटकर दिल्ली जाएंगे। इसे लेकर पुलिस और एसपीजी ने सोमवार को रिहर्सल की। लोकसभा चुनाव के लिए धार और खरगोन में आमसभा लेने आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भाजपा संगठन इस बार इंदौर विमानतल पर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मिलवाया। नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने बताया पिछले विधानसभा चुनाव में जिन विधानसभा में जिस बूथ पर सबसे ज्यादा वोटों से पार्टी की जीत हुई, उन बूथ के अध्यक्ष और महामंत्री को प्रधानमंत्री से मिलवाया है।

# बाइक चलाते हुए आया साइलैंट अटैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा में बाइक चलाते समय एक व्यक्ति को साईलैंट अटैक आ गया। उसे उपचार के लिये नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरो ने एमवाय ले जाने की सलाह दी। यहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के मुताबिक अटैक के चलते पोस्टमार्टम नही कराया।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक तीरथराम(35)पुत्र बिहारी लाल सोनवने निवासी गोविंद नगर की संदिग्ध परिस्थिती में मौत हो गई। परिवार के लोगो ने बताया कि घर के पास ही कुछ दूरी पर शिव मंदिर है। तीरथराम काम से बाइक लेकर निकले थे। जिसमें वह कुछ दूरी पर पहुंचे ओर बाइक से सहित गिर गए। वहां मौजूद लोगो ने उन्हें उठाया ओर पहचान होने पर भतीजे ऋषि को जानकारी दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे ओर अजय को उपचार के लिये अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**पत्नी से हो चुके है अलग-** तीरथराम मकान निर्माण के काम से जुडें हुए है। उनके परिवार में दो बच्चे है। पत्नी से करीब तीन साल पहले उनका डिवोर्स हो गया। इसके बाद दोनो बच्चो को उन्होंने अपने साथ रख लिया। परिवार में भाई ओर माता पिता व अन्य मेंबर है।

# दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गई बच्ची डूबी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खुड़ैल में एक नाबालिग बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह अपनी सहेली और दोस्त के साथ घर पर केरी खाने का कहकर निकली थी। बच्चे भागते हुए घर पहुंचे और उसके तालाब में डूबने की जानकारी दी। इसके बाद परिवार के लोग वहां पहुंचे ओर बच्ची का शव बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक घटना हरन्याकुंड के पास तालाब की है। यहां शिवानी (15) पुत्री जीवन निवासी खड़ी कांकड़ पूजा और राज के साथ तालाब में नहाने गई थी। लेकिन उसे तालाब में गहराई का ध्यान नहीं रहा और वह डूब गई। दोनों सहेलियों ने उसे निकालने का प्रयास किया। लेकिन गहराई के डर से वह आगे नहीं बढ़ पाए।

बाद में राज और पूजा दौड़ते हुए करीब एक किलोमीटर दूर गांव पहुंचे। यहां शिवानी के नाना के परिवार को घटना बताई। परिवार के लोग तालाब पहुंचे और करीब आधे घंटे तक बच्ची के शव को ढूंढकर बाहर निकाला। परिवार के लोगों के मुताबिक बच्चे कभी तालाब पर नहीं जाते थे। शिवानी तो घर पर केरी तोडऩे का कहकर गई थी।

**माता पिता की हो चुकी है मौत-** शिवानी के माता-पिता बागली के पास गांव के रहने वाले हैं। पांच साल पहले दोनों की सांप काटने से मौत हो चुकी है। शिवानी इसके बाद से नाना-नानी के साथ रह रही थी। उसका एक भाई है। जो दादा के साथ गांव में ही रहता है। शिवानी खेती में अपने मामा परिवार की मदद करती थी।

# करंट से दो मजदूरों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। किशनगंज थाना क्षेत्र ग्राम बोरखेड़ी नावदा मार्ग पर एक मकान निर्माण के दौरान ट्रॉली पर बैठे दो मजदूरों की करंट लगने से मौत हो गई है। दोनो ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों की चपेट में आ गए। पुलिस ने मृतकों के शव सिविल अस्पताल में रखवाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है की हादसा कैसे हुआ। किशनगंज थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया घटना सोमवार दोपहर 4 बजे करीब की है यहां नावदा मार्ग पर एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा था इस दौरान मकान की छत भरी जा रही थी तभी यहां ट्राली में बैठकर काम कर रहे हैं दो मजदूर जिनके नाम बबलू और संतोष है जो वही के निवासी हैं। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा है अभी मामले की जांच जारी है।

# नर्स के घर चाकू लेकर पहुंचा सिरफिरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा में सिरफिरा आशिक एक तरफा प्यार में नर्स के घर पर चाकू लेकर पहुंचा ओर कहां कि अगर नर्स ने शादी नही की तो वह अपनी जान दे देगा। नर्स के भाई ने उसे समझाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट पर उतारू हो गया। परेशान होकर नर्स ने मामले में पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 26 साल की नर्स की शिकायत पर अजय बाथम निवासी देपालपुर के खिलाफ चाकू लेकर घर में घुसने और धमकाने के मामले में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि वह निजी अस्पताल में नर्स है। करीब 9 साल पहले अजय से कॉलेज में पढ़ाई के दौरान पहचान हुई थी। दोनो एक दूसरे को पंसद करने लगे। लेकिन अजय ने अचानक बात करना बंद कर दी। कुछ समय पहले अजय फिर से आया ओर बात करने लगा। कहां कि हम शादी करेगे। लेकिन अजय से कह दिया कि अब वह शादी नही कर पाएगी। दो दिनों से अजय घर आ रहा है ओर मुझे व परिवार के लोगो को धमका रहा है कि अगर शादी नही की तुम्हारे घर में सुसाइड कर लूंगा या रेलवे फाटक पर जाकर जान दे दूंगा। सोमवार को अजय ने हद कर दी वह चाकू लेकर घर में आ गया कहने लगा कि शादी के लिये हां करो नही तो यही जान दे दूंगा। इस पर पापा ने कहां कि परिवार को लेकर आना तब बात करेगे। अजय नही माना भाई उसे समझाने पहुंचे तो वह विवाद करने लगा। उसके साथ झूमाझटकी की बाद में पुलिस को जानकारी देकर बुलाया गया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक